# प्रेस नोट थाना खोराबार जनपद गोरखपुर दिनांक 09.09.2023

## लूट का अपराध कारित करने के आरोप मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 2000 रुपया, लूट की मोटरसाइकिल, व घटना में प्रयुक्त कार बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा "लूट" के अपराधों पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक खोराबार के नेतृत्व में, उ0नि0 अखिलेश कुमार मय टीम द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 601/23 धारा 341,394 भादवि व मु0अ0सं0- 617/2023 धारा 394 भादवि थाना खोराबार जनपद गोरखपुर से सम्बन्धित 02 अभियुक्त 1. विवेक यादव पुत्र परमात्मा यादव निवासी ग्राम सिरजम खास थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया 2. रितांशु यादव उर्फ जुगनु पुत्र प्रभुनाथ यादव निवासी सिरजम खास थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया को 2000 रुपया नगद व लूट की मोटरसाइकिल तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद आई टेन कार के साथ गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** अभियुक्तगण द्वारा सोशल मीडिया के ऐप इन्स्टाग्राम व मेल डेटिंग ऐप के माध्यम से लड़को से दोस्ती कर उनसे जन्मदिन मनाने के बहाने से बुलाकर सुनसान जगह पर ले जाकर मारपीट कर उनके पास से पैसा, वाहन, मोबाइल आदि छीन लेते थे । अपनी पहचान छिपाने के लिये छीने गये मोबाइल का प्रयोग अन्य घटनाओं में करते थे जिससे कि वो पकड़ में ना आ सके ।

### गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम पता-

विवेक यादव पुत्र परमात्मा यादव निवासी ग्राम सिरजम खास थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया
रितांशु यादव उर्फ जुगनु पुत्र प्रभुनाथ यादव निवासी सिरजम खास थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया

### गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0- 601/23 धारा 341,394, बढोत्तरी धारा 411 भादवि, थाना खोराबार जनपद गोरखपुर
मु0अ0सं0- 617/2023 धारा 394 भादवि, बढोत्तरी धारा 411 भादवि थाना खोराबार जनपद गोरखपुर

### बरामदगी-

1. अभियुक्तगण के पास से 2000 रुपया नगद
2. लूट की मोटरसाइकिल
3. घटना में प्रयुक्त एक अदद आई 10

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. प्र0नि0 जयन्त कुमार सिंह, थाना खोराबार जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 अखिलेश कुमार, थाना खोराबार जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 प्रवीण सिंह, थाना खोराबार जनपद गोरखपुर
4. का0 संजय यादव, थाना खोराबार जनपद गोरखपुर
5. का0 अनुराग सिंह, थाना खोराबार जनपद गोरखपुर
6. का0 अमित यादव, थाना खोराबार जनपद गोरखपुर
7. का0 रामाश्रय यादव, थाना खोराबार जनपद गोरखपुर